हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 11 मई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला के सेक्टर 17 स्थित राजीव कॉलोनी के बूथ नंबर 132 से हर बूथ हर घर अभियान की शुरुआत की। यह अभियान प्रदेशभर में कल भी चलाया जाएगा।

इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष और पंचकूला से विधायक ज्ञानचंद गुप्ता, अंबाला लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी बंतो कटारिया एवं पंचकूला के बी.जे.पी. जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के अंदर हर बूथ हर गांव अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में जो काम किए हैं, उनको एक योजनाबद्ध तरीके से हर परिवार व घर तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस महासंपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता, बूथ कार्यकर्ता, पन्ना प्रमुख , मंडल , मोर्चा या ज़िला कार्यकर्ता आज से हर बूथ हर घर पर संपर्क करेंगे।

हरियाणा में लगभग 80 विधानसभा क्षेत्रों में रैलियां हो चुकी है।

तीन निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस को समर्थन दिए जाने के बाद उनके इस्तीफे की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल ने विपक्ष के सभी नेताओं को लिखित में हस्ताक्षर करवा कर देने को कहा क्योंकि अभी एक महीना पहले ही विश्वास हासिल किया था। यह हर बार सरकार को अल्पमत में बताकर लोगों को गुमराह कर रहे है।

किसानों के मुद्दे पर पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों से बातचीत करने के लिए केंद्र से पांच मंत्री विशेष तौर पर बात करने के लिए आए थे उन्होंने कहा कि हर किसी को वोट मांगने का अधिकार है अगर किसी को कोई परेशानी है तो उसका बैठकर हल निकाला जाएगा। जननायक

जनता पार्टी की नेता नैना चौटाला पर हुए हमले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की घटना निंदनीय है।

....

चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए कल शाम तक दाखिल किये गए नामांकन पत्रों की संख्या 5 हो गई है। कल चौथे दिन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय टंडन सहित कुल तीन नामांकन पत्र दाखिल किये गए।

....

सोनीपत लोकसभा सीट के लिए सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. मंजुला एन ने कल लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता की पालना करते हुए शांतिपूर्ण □ंग से सदभाव एवं भाईचारे की भावना के साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में हिसार के सामान्य पर्यवेक्षक गोपाल चंद, नरवाना के विशाल कुमार एवं व्यय पर्यवेक्षक देव कृष्ण तिवारी, पुलिस पर्यवेक्षक विशाल कुमार और पुलिस अधिक्षक सुमित कुमार उपस्थित रहे।

डॉ. मंजुला एव ने अधिकारियों से निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देश पूरी तरह लागू करवाने और आचार संहिता के उल्लंघन की कोई भी शिकायत आने पर उस पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने चुनाव खर्च का पूरा ब्यौरा रखने और सभी नाकों पर सीसीटीवी और वीडियोग्राफी का प्रबंध करने को भी कहा। बैठक के बाद उन्होंने जिले में बनाये गए मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया।

....

भारतीय जनता पार्टी की जींद जिला इकाई द्वारा कल जींद में एक बाइक रैली निकली गई। रैली शहर के रेलवे स्टेशन जंक्शन से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी और रानी तालाब पर संपन्न हुई। बाइक रैली की अगुवाई जींद से विधायक डॉक्टर कृष्ण मि□ा ने की। उन्होंने जनमानस से चुनाव में बी जे पी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

आज मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक ने दावा किया कि श्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे है। उन्होने कहा कि बाइक रैली में युवाओं ने बड़ी संख्या में भा लेकर भारतीय जनता पार्टी में भरोसा जताया है। उन्होने बताया कि कल अनेक महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा है।

....

रोहतक कें महर्षि दयानंद विश्विद्यालय की बी.एड व बी.एड बौद्धिक अक्षमता स्पेशल एजुकेशन दूसरे वर्ष की रेगुलर व री अपीयर की प्रोयोगिक परीक्षायें 15 मई से 5 जून तक ली जायेंगी।

विश्विद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इन परीक्षाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

....